


## महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवश्यक निर्देश

1. अन्तर स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में नामांकन पोर्टल (OFSS) के माध्यम से ऑनलाईन प्रक्रिया से मेरिट लिस्ट के आधार पर होता है ।
2. स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठा में नामांकन विश्वविद्यालय के द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्राप्त कर योग्यता क्रम सूची (Merit List) के आधार पर होता है । सम्बन्धित विषय में अन्तर स्नातक परीक्षा में कम से कम 45% अंक प्राप्त होना आवश्यक है ।
3. महाविद्यालय में नामांकन के समय आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की मूल/अभिप्रमाणित छाया प्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य है ।
   (क) पूर्व विद्यालय / महाविद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र (SLC/CLC) अथवा स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) की मूल एवं फोटो प्रति ।
   (ख) विगत परीक्षा का प्रवेश पत्र (Admit Card of Last Exam) ।
   (ग) गत परीक्षा का अंक पत्र (Mark Sheet of of Last Exam) ।
   (घ) जाति प्रमाण-पत्र केवल अनुसूचित जाति, अनूसूचित जन जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए जाति प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है ।
   (ड) दूसरे विश्वविद्यालय या बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अतिरिक्त जगह से आनेवाले छात्रों को प्रवेश तभी मिलेगा, जब वे आगत बोर्ड / विश्वविद्यालय का प्रवजन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate) जमा करेंगे ।
   (च) हाल में खींचे गये पासपोर्ट साईज फोटो की चार प्रतियाँ ।
4. वर्ग में छात्रों की 75% उपस्थिति अनिवार्य है ।
5. खेल-कूद तथा स्पोर्ट्स में विशिष्टता प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए नामांकन में सीट आरक्षित है ।

₹ 200/-

Printed by : MAA TARA PRINTING PRESS #7870013036

# लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय


जनक यादव भवन, अम्बेदकर नगर, दिलावरपुर
दरभंगा- 846009


ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की एक सम्बद्ध इकाई
(अन्तर स्नातक एवं स्नातक स्तर के सभी संकायों (पास एवं प्रतिष्ठा) में बिहार सरकार द्वारा स्थायी सम्बन्धन प्राप्त)

(स्थापित - 1979)




Email : lcscollegedbg2019@gmail.com

## निर्देशिका

Web. : www.lcscollegedarbhanga.com

## सचिव की कलम से.......



यह महाविद्यालय दरभंगा के ग्रामीण क्षेत्र बहादुरपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत अम्बेदकर नगर, दिलावरपुर पंचायत में अवस्थित है। इस ग्रामीण क्षेत्र में पिछड़ा, अत्यंत पिछड़ा, अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यकों की बहुलता है। दरभंगा का यह क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछे था। इसलिए इस क्षेत्र में इन समुदायों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए महाविद्यालय की नितांत आवश्यकता थी।

महाविद्यालय की स्थापना के उद्देश्य से इस क्षेत्र के समाजवादी एवं प्रगतिशील विचारधारा के बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, तत्कालीन मुखिया एवं नेताओं ने कई बार बैठकें करके सहयोग और समन्वय स्थापित कर एक महाविद्यालय स्थापित करने के लिए प्रतिवद्धता जतायी। इसके लिए प्रमुख रूप से प्रगतिशील, प्रखर समाजवादी नेता एवं चिंतक माननीय सांसद एवं पूर्व मंत्री, भारत सरकार, श्रेष्ठ सांसद पुरस्कार एवं पद्यम भूषण पुरस्कार प्राप्त श्री हुक्मदेव नारायण यादव एवं कर्मठ, बुद्धिजीवी एवं व्यक्तित्व के धनी स्व0 जनक लाल यादव (जिन्होंने स्वेच्छा से अपनी भूमि महाविद्यालय स्थापना के लिए दान में दी) के अथक प्रयास से 1979 में यह महाविद्यालय अस्तित्व में आया।

वर्तमान में यह महाविद्यालय स्नातक स्तर तक (पास एवं प्रतिष्ठा) सभी संकायों में विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार से स्थायी सम्बंधन प्राप्त महाविद्यालय है। आज यह महाविद्यालय दरभंगा जिला में उत्कृष्ठ उच्च शिक्षा के प्रति समर्पित है। छात्रों का स्वर्णिम भविष्य बनाना, उनके संस्कारों में निखार लाना, व्यक्तित्व विकास, मानसिक विकास, मानवीय मूल्यों का विकास करना और उन्हें सफलता के लिए प्रेरित करना महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकेत्तर कर्मियों का कर्त्तव्य होना चाहिए। मुझे गर्व है कि यहाँ के प्रबुद्ध प्रध्यापकगण ऐसे ही छात्रों को पुष्पित, पल्लवित कर समाज और राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करते हैं। प्रध्यापकों के समर्पण, कर्त्तव्यनिष्ठा से यह महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। इस संदर्भ में नेलसन मंडेला ने सही ही कहा था : "Education is the most powerful weapon which you can use to change the world."

सन् 1979 में एक बीज बोया गया था, जो प्रस्फुटित होकर ज्ञान की विभिन्न धाराओं में प्रवाहित हो रहा है। मैं आशा करता हूँ कि शिक्षा को सर्वसुलभ, रोजगारन्मुख, सर्वोपयोगी बनाने के लिए महाविद्यालय तत्पर रहेगा। यह महाविद्यालय अपने संस्थापकों, दाताओं, अकादमिक सहयोगियों, शासी निकाय के सदस्यों, शिक्षकों एवं अनुशासित छात्रों की मदद से भविष्य में मील के पत्थर स्थापित करेगा।

शुभकामनाओं सहित

**डॉ0 दीप नारायण सिंह**
सचिव
शासी निकाय
लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय
दरभंगा।

# लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय, दरभंगा : एक नजर में



माननीय पूर्व सांसद एवं मंत्री, पूर्व सचिव

लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय, दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की एक सम्बद्ध इकाई है। इस महाविद्यालय को इन्टर एवं स्नातक स्तर के सभी संकायों (पास एवं प्रतिष्ठा) में विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार द्वारा स्थायी सम्बन्धन प्राप्त है। यह महाविद्यालय मिथिला की हृदय स्थली दरभंगा के पावन भूमि पर वर्ष 1979 में अस्तित्व में आया, जो बहादुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अम्बेदकर नगर, दिलावरपुर पंचायत में अवस्थित है। इस महाविद्यालय की स्थापना में समाजवादी और प्रगतिशील विचारधारा के लोग, नेताओं, समाजसेवियों और बद्धिजीवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसमें प्रमुख रूप से प्रगतिशील, प्रखर समाजवादी नेता, चिंतक, माननीय पूर्व मंत्री, भारत सरकार एवं सांसद श्री हुक्मदेव नारायण यादव और समाजसेवी, बुद्धिजीवि, कर्मठ एवं व्यक्तित्व के धनी स्व० जनक लाल यादव के अथक प्रयास से 1979 में लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय अस्तित्व में आया। महाविद्यालय के लिए बाबू जनक लाल यादव ने अपनी भूमि स्वेच्छा से महाविद्यालय की स्थापना के लिए दान में दिया। परिणामस्वरूप आज यह महाविद्यालय दरभंगा के ग्रामीण क्षेत्र में पठन-पाठन का केन्द्र बिन्दु बना हुआ है। महाविद्यालय के संस्थापक सचिव श्री हुक्मदेव नारायण यादव एवं स्व. जनक लाल यादव भूमिदाता का अविस्मरणीय योगदान रहा है। महाविद्यालय की स्थापना काल में स्व० महावीर महतो एवं रामचन्द्र महतो ने भी भूमि दान दिया।


इस महाविद्यालय की स्थापना में इस क्षेत्र के प्रगतिशील समाजवादियों, विभिन्न पंचायत के तत्कालीन मुखिया एवं प्रमुख जिसमें शिवजी यादव, दिनेश्वर यादव, मकसूदन यादव, कुलानन्द यादव, रमाकांत यादव, शिया शरण यादव, राम विलास यादव (बड़ा बाबू) एवं लक्ष्मी यादव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। साथ ही डॉ० रामबदन यादव (पूर्व कुलपति), डॉ० देवीदत्त पोद्दार, प्रो० फुलदेव यादव, डॉ० विजय प्रसाद, प्रो० देवेन्द्र प्रसाद यादव, अर्थशास्त्र विभाग माड़वाड़ी कॉलेज, दरभंगा, प्रो० छोटे लाल राय राजनीतिशास्त्र विभाग, मारवाड़ी कॉलेज दरभंगा आदि तत्कालीन अकादमिक व्यक्तियों एवं शिक्षाविदों ने भी महाविद्यालय के आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से लेकर शैक्षणिक गतिविधि एवं विकास के लिए अपना-अपना समय दिया।

इसी कड़ी में महाविद्यालय के तत्कालीन पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ० रूद्रकान्त अमर जो वर्त्तमान में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष के पद पर पदासीन हैं एवं इस महाविद्यालय के शासी निकाय में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि भी रहे हैं के कठिन एवं अनवरत प्रयास के परिणामस्वरूप आज लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय का वर्तमान स्वरूप साकार हो सका है। महाविद्यालय विकास की इस कड़ी में श्री विजय कुमार मिश्रा, तत्कालीन सांसद, दरभंगा, मो0 अली असरफ फातमी तत्कालीन सांसद, जगदीश चौधरी, तत्कालीन विधायक ग्रामीण क्षेत्र, दरभंगा, डॉ0 मदन मोहन झा, विधान पार्षद, डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी, विधान पार्षद, डॉ0 लालजी चौधरी विभागाध्यक्ष, हड्डी एवं नस विभाग, डी0 एम0 सी0 एच0, दरभंगा (पूर्व सचिव) एवं भोला यादव तत्कालीन विधायक, बहादुरपुर, विधानसभा (पूर्व अध्यक्ष) आदि ने भी योगदान दिये हैं।

आज यह महाविद्यालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से Section 2 (F) Act 1956 के अन्तर्गत 13 मई 2009 से निबंधित है। पुनः आगे 12 (B) के लिए प्रयास किया जा रहा है। यह महाविद्यालय ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय की दूरस्थ शिक्षा निदेशालय (Directorate of Distance Education) की स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषयों में अध्ययन का केन्द्र रहा है। महाविद्यालय में नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना का अध्ययन केन्द्र भी है। इस केन्द्र के माध्यम से छात्रों को अन्तर स्नातक एवं स्नातक के विभिन्न विषयों के साथ विभिन्न प्रकार के विषयों में सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स में भी अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के लिए एक समिति गठित की गई है, जो मूल्यांकन कार्य के लिए प्रयासरत है। यह महाविद्यालय स्थापना काल से ही दरभंगा के छात्र एवं छात्राओं के लिए शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के प्रयास से बेहतर कार्य कर रहा है। छात्रों के समुचित शिक्षा, विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। महाविद्यालय में स्वच्छ परिवेश एवं सुरक्षित वातावरण बनाये रखना भी इन समितियों का दायित्व है।

## प्रधानाचार्य के द्वारा



लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की एक सम्बद्ध इकाई है, जो दरभंगा के बहादुरपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत अम्बेदकर नगर, दिलावरपुर, पंचायत में अवस्थित है। इस महाविद्यालय को कला, विज्ञान, वाणिज्य में इण्टरमिडिएट एवं स्नातक स्तर तक प्रतिष्ठा एवं सामान्य पास कोर्स में विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार द्वारा स्थाई सम्बद्धता प्राप्त है । दरभंगा के ग्रामीण क्षेत्र के इस महाविद्यालय का लक्ष्य अपने छात्र-छात्राओं को बेहतर पठन-पाठन की सुविधा उपलब्ध कराकर एक अनुशासित, आचरणशील, शिक्षित नागरिक बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के सहयोग से महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण के साथ-साथ आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करना है ।

अंत में हम अपने महाविद्यालय के संस्थापकों, दाताओं, समाजवादियों एवं अकादमिक व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा करता हूँ कि भविष्य में भी उनलोगों का स्नेह एवं सहयोग बना रहे, जिससे महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उतरोत्तर नई मंजिल प्राप्त सके ।

**डॉ. शिव नारायण यादव**
प्रधानाचार्य
लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय
दरभंगा

## परिचय-पत्र

1. महाविद्यालय में नामांकन होने के साथ ही छात्र-छात्राओं को परिचय पत्र बनवा लेना अनिवार्य है। परिचय पत्र परिसर में हमेशा रखना अनिवार्य है।
2. महाविद्यालय में पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं क्रीड़ा विभाग आदि की सुविधाएँ परिचय पत्र दिखाने पर दी जाती है।
3. बैंकों का खाता परिचालन, छात्रवृत्ति और रेलवे रियायत आदि सुविधाएँ प्राप्त करने हेतु परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. महाविद्यालय में सामान्य तथा विषेश परिस्थिति में 'परिचय पत्र प्रस्तुत करना' अनिवार्य होगा।
5. परिचय पत्र छात्र/छात्राओं एवं प्रधानाचार्य दोनों से हस्ताक्षरित होना चाहिए, साथ ही उस पर प्रधानाचार्य की मुहर अनिवार्य है।

## छात्रों के लिए आचार संहिता

1. महाविद्यालय परिसर के भीतर या बाहर छात्रों के लिए अभद्र आचरण सर्वथा वर्जित है।
2. प्रधानाचार्य कक्ष एवं प्राध्यापक कक्ष में बिना अनुमति प्रवेश वर्जित है।
3. महाविद्यालय में उपस्थित रहकर वर्ग में सम्मिलित न होना दण्डणीय है।
4. किसी भी प्रकार के मादक द्रव्य का सेवन पूर्णत: वर्जित है।
5. बरामदे पर भीड़ लगाना, शोर मचाना, सीटी बजाना एवं परिसर में व्यर्थ चक्कर लगाना वर्जित/ दण्डणीय है।
6. साईकिल नियत स्थान/साईकिल स्टैण्ड में ताला लगाकर रखें।
7. अध्यापन सम्बन्धी सूचना, सुविधा, असुविधा एवं आवश्यक शैक्षणिक कार्यों के लिए पहले विभागाध्यक्ष से सम्पर्क करना चाहिए। समाधान नहीं होने की स्थिति में ही प्रधानाचार्य के पास जाना चाहिए।
8. किसी भी परिस्थिति में प्राध्यापक के आदेश की अवहेलना या उपेक्षा करना अक्षम्य है।
9. परीक्षा में कदाचार को प्रश्रय देना और नियमों का उल्लंघन करना संगीन अपराध है।
10. परिचय पत्र हमेशा साथ रखना है।
11. वर्ग में उपस्थिति के समय प्रौक्सी करना दण्डनीय है।
12. किसी भी प्रकार की शिकायत अधिकृत पदाधिकारी के समक्ष लिखित रूप में देना है, मौखिक मान्य नहीं है।
13. चरित्र प्रमाण पत्र अथवा अन्य प्रमाण पत्रों की प्राप्ति के लिए दो दिन पूर्व आवेदन देना है।
14. लगातार 30 दिनों तक वर्ग से अनुपस्थित रहने वाले छात्रों का नामांकन स्वत: निरस्त किया जा सकता है।
15. आवश्यकतानुसार अवकाश के दिवसों में यदि अतिरिक्त वर्ग की व्यवस्था की जाती है, तो उसमें छात्र/छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।
16. प्रयोगशाला के उपकरणों, पुस्तकालय की पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं, क्रीड़ा सामग्रियों, बेंच-डेस्क-कुर्सी आदि उपस्करों को तोड़-फोड़ करना, दीवार पर यत्र-तत्र थूँकना, पर्चे चिपकाना, सूचना फाड़ना दण्डनीय अपराध है।
17. रैगिंग में संलिप्त छात्र/छात्राओं के विरूद्ध कठोरत्तम दण्डात्मक कारवाई के साथ निष्कासित भी किया जा सकता है।
18. कक्षा/ महाविद्यालय परिसर में मोबाईल का दुरूपयोग वर्जित है।

## सुविधाएँ (AMENITIES)

## पुस्तकालय

महाविद्यालय में समृद्ध पुस्तकालय एवं एक सुव्यवस्थित अध्ययन कक्ष है। पुस्तकालय में 45 हजार से अधिक पुस्तकें एवं अनेक महत्वपूर्ण शोध पत्रिकाएँ उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में पत्रिकाएं, जर्नल एवं समाचार पत्र छात्रों एवं विभाग के सदस्यों (Faculty Members) के लिए उपलब्ध है।

1. पुस्तक आदान-प्रदान करने के लिए छात्रों को परिचय पत्र एवं लाईब्रेरी कार्ड साथ लाना अनिवार्य है।
2. पुस्तक निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अन्दर लौटा देना है। आवश्यकतानुसार पुस्तक लौटाकर पुनः 10 दिनों के लिए दुबारा ली जा सकती है।
3. पुस्तक के खो जाने, नष्ट होने की स्थिति में बदले में नई पुस्तकें जमा करनी पड़ेगी अथवा प्रधानाचार्य के निर्णयानुसार उचित मूल्य जमा करना होगा।
4. कोई भी पुस्तक किसी भी समय तीन दिनों की सूचना देकर मंगाई जा सकती है।
5. नियत तिथि तक पुस्तक नहीं लौटाने पर प्रतिदिन एक रूपया की दर से विलम्ब शुल्क देना होगा।

## व्याख्यानशाला

महाविद्यालय में एक व्याख्यानशाला है, जिसमें सांस्कृतिक, समसामयिक, साहित्यिक और वैज्ञानिक विषयों पर व्याख्यान एवं कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कक्ष सभी शैक्षिक उपकरणों, श्यामपट्ट, विद्युत उपकरणों एवं आधुनिक साज-सज्जा से सुसज्जित है।

## अध्ययन-कक्ष की व्यवस्था

महाविद्यालय में छात्रों की अध्ययन रूचि को प्रोत्साहित करने के लिए अध्ययन कक्ष (Reading Room) की व्यवस्था की गई है। छात्रों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

## प्रयोगशाला

महाविद्यालय में एक भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, मनोविज्ञान , गृह विज्ञान एवं भूगोल विभाग में अन्तर स्नातक एवं स्नातक स्तरीय अलग-अलग समृद्ध एवं अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएँ हैं ।

## कम्प्यूटर प्रभाग

महाविद्यालय में प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय, सामान्य कार्यालय, लेखा प्रभाग, परीक्षा विभाग एवं प्रधानाचार्य कार्यालय आदि कम्प्यूटर संचालित है । अलग से एक कम्प्यूटर प्रभाग की स्थापना की गई है। इसका प्रमुख उद्देश्य इच्छुक छात्रों को कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान करना है ।



कार्यालय



**विशाल विवेक** (प्रधान लिपिक)    **अजीत कुमार** (टंकक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर)

## क्रीड़ा परिषद

महाविद्यालय में क्रीड़ा परिषद का गठन किया गया है, जिसका प्रमुख कार्य विभिन्न प्रकार के खेल हेतु प्रोत्साहन देना है । यहाँ क्रिकेट, टेनिस, फुटबॉल, वॉलिबाल तथा विभिन्न वाह्य और अंत: क्रीड़ा सामग्रियों से समृद्ध स्पोर्ट्स विभाग छात्रों के खेल के प्रति अभिरूचि बढ़ाने में सक्रिय है । महाविद्यालय में खेल को सहभागी अंग के रूप में विकसित किया गया है ।

## विनोद कक्ष

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग विनोद कक्ष की व्यवस्था है, जिसमें वर्ग अन्तराल के समय मनोरंजन हेतु करैम बोर्ड, लूडो, टेबुल टेनिस एवं चेस आदि खेल सकते है । अध्ययन हेतु समाचार पत्रों,पत्रिकाएँ आदि का लाभ उठा सकते हैं । विनोद कक्ष में अनुशासन बनाये रखना आवश्यक है। छात्र-छात्राएँ परिचय-पत्र दिखाकर सुविधाएँ प्राप्त कर सकते है ।

## परीक्षा विभाग

महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु महाविद्यालय में परीक्षा विभाग की स्थापना की गई है । परीक्षा सम्बंधी सभी सूचनाएँ प्राप्त की जा सकती है । महाविद्यालय की निर्धारित परीक्षाओं में बैठना छात्रों के लिए अनिवार्य है।

## व्याख्यानशाला

महाविद्यालय में एक व्याख्यानशाला है, जिसमें सांस्कृतिक, समसामयिक, साहित्यिक और वैज्ञानिक विषयों पर व्याख्यान एवं कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उस कक्ष में सभी शैक्षिक उपकरणों, श्यामपट्ट, विद्युत उपकरणों एवं आधानिक साज-सज्जा से सुसज्जित है।

## कैरियर परामर्श प्रकोष्ठ
## (CARRIER COUNSELLING CELL)

महाविद्यालय में रोजगारोन्मुखी विभिन्न शिक्षण उपक्रमों/ संस्थानों में प्रवेश, मुख्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं जानकारियाँ, विभिन्न संस्थानों में नियुक्ति की प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु कैरियर परामर्श प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इच्छुक छात्र/छात्रा प्रकोष्ठ से सम्पर्क कर अद्यतन जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकते हैं।

## शोधकार्य

महाविद्यालय में अधिकतम शिक्षक पी०एच०डी० धारक हैं। यहाँ का वातावरण शोध के अनुकूल है। उपलब्ध प्रयोगशालाएँ शोधकार्य के लिए पूर्णत: उपयुक्त है।

## छात्रवृत्ति (SCHOLARSHIP)

महाविद्यालय में छात्र कल्याण/छात्रवृत्ति से सम्बन्धित सुविधा प्रदान करने के लिए छात्रवृत्ति प्रभाग में एक नोडल पदाधिकारी बनाये गये हैं। राज्य सराकर / जिला कल्याण कार्यालय द्वारा अनुसूचित जाति, जन जाति, अत्यंत पिछड़ी जाति, पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं सहित, निर्धन, विकलांग एवं मेधावी छात्रों को छात्रवृतियाँ प्रदान की जाती है। उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों, अल्पसंख्यकों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आदि के माध्यम से राज्य सरकार छात्रवृतियाँ प्रदान करती है। स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को भी राज्य सरकार एक मुस्त राशि प्रदान करती है। इसके लिए नियत समय पर विहित प्रपत्र में वांछित कागजातों के साथ आवेदन देना पड़ता है। इस संदर्भ में छात्रवृत्ति प्रभाग द्वारा समय-समय पर विज्ञप्ति /सूचना प्रकाशित की जाती है।

## रेलवे रियायत

**महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए रेलवे रियायत (CONCESSION) की सुविधा उपलब्ध है।**

1. महाविद्यालय में विधिवत पंजीकृत छात्र-छात्राओं को एक सप्ताह पूर्व आवेदन देना अनिवार्य है।
2. रियायत की व्यवस्था परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित परीक्षा/अन्तर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए दिया जायेगा।
3. अवकाश के दिनों में महाविद्यालय से घर जाने हेतु भी सुविधा दी जा सकती है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना
## (NATIONAL SERVICE SCHEME)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई उपलब्ध है। राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के पारस्परिक सहयोग से संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इस गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते हैं। अपने देश की पृष्ठभूमि समाज एवं संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान करती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान से महाविद्यालय में साक्षरता सम्बन्धी कार्य, जनसंख्या नियंत्रण हेतु कैम्प लगाना, पर्यावरण सुरक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, सफाई, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता, सामाजिक रूप से प्रासांगिक मुद्दों जैसे - दहेज, एड्स आदि पर विचार-विमर्श आदि का आयोजन किया जाता है। परिणामस्वरूप विद्यार्थी जीवन में ही समाजोंपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणों का विकास होता है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण पुननिर्माण में सुधार लाया जा सकता है। नमांकन के लिए इच्छुक छात्र-छात्रा महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी से विहित प्रपत्र लेकर आवेदन कर सकते हैं। गतिविधियों / सेवा कार्यों में भाग लेने के लिए उन्हें प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाते हैं।

### अन्तर-स्नातक (+2 स्तरीय) अध्ययन के लिए विषय

| कोर्स | अवधि | पात्रता | वैकल्पिक विषय | अनिवार्य विषय |
|---|---|---|---|---|
| आई. ए. | 2 वर्ष | मैट्रिक<br>या<br>समकक्ष | राजनीतिशास्त्र<br>इतिहास, प्राचीन भारतीय<br>इतिहास, भूगोल<br>अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र<br>दर्शनशास्त्र, गृह विज्ञान<br>मनोविज्ञान,<br>हिन्दी, मैथिली, उर्दू<br>संस्कृत, अंग्रेजी<br>कोई तीन विषय<br>(100-100 अंक के) | एल. एल.. हिन्दी<br>अंग्रेजी, मैथिली<br>उर्दू, संस्कृत<br>(कोई एक विषय) |
| आई. एस.सी. | 2 वर्ष | मैट्रिक<br>या<br>समकक्ष | भौतिकी -100<br>रसायनशास्त्र -100<br>गणित -100<br>या<br>जीव विज्ञान -100 | एल. एल. हिन्दी,<br>अंग्रेजी, मैथिली,<br>उर्दू, संस्कृत ।<br>(कोई एक विषय) |
| वाणिज्य (आई. कॉम.) | 2 वर्ष | मैट्रिक<br>या<br>समकक्ष | एकाउन्टेंसी, व्यवसाय अध्ययन<br>अर्थशास्त्र, उद्यमिता<br>(कोई तीन विषय) | एल. एल. हिन्दी, अंग्रेजी, मैथिली<br>उर्दू, संस्कृत ।<br>(कोई एक विषय) |

# THREE YEAR DEGREE COURSE
## त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध विषय

| कोर्स | अवधि | पात्रता | प्रतिष्ठा विषय | आनुसांगिक विषय | अनिवार्य विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. | 3 वर्ष | अन्तर स्नातक या समकक्ष (न्यूनतम 45% अंक सम्बन्धित विषय में) | राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र, इतिहास, भारतीय प्राचीन, इतिहास, गणित, हिन्दी, अंग्रेजी, मैथिली,संस्कृत, उर्दू। (कोई एक विषय) | राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र, इतिहास, गणित, भारतीय प्राचीन इतिहास, एल. एल. हिन्दी, एल. एल. मैथिली, एल. एल. उर्दू, संस्कृत, एल. एल. अंग्रेजी। (कोई दो विषय) | राष्ट्रभाषा हिन्दी (हिन्दी भाषी के लिए) अथवा अहिन्दी भाषा के लिए राष्ट्रभाषा अहिन्दी मैथिली/अंग्रेजी उर्दू में कोई एक। |

| कोर्स | अवधि | पात्रता | प्रतिष्ठा विषय | आनुसांगिक विषय | अनिवार्य विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.एस. सी. प्रतिष्ठा | 3 वर्ष | अन्तर स्नातक या समकक्ष (न्यूनतम 45% अंक सम्बन्धित विषय में) | भौतिकी, रसायनशास्त्र, गणित, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, (कोई एक विषय चुने) | गणित, रसायनशास्त्र, भौतिकी, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान (कोई दो विषय चुनें) | राष्ट्रभाषा हिन्दी, (हिन्दी भाषी के लिए) अथवा अहिन्दी भाषा के लिए राष्ट्रभाषा अहिन्दी 50 अंक मैथिली, अंग्रेजी उर्दू में से एक । |
| वाणिज्य प्रतिष्ठा (बी. कॉम.) | 3 वर्ष | अन्तर स्नातक या समकक्ष (न्यूनतम 45% अंक सम्बन्धित विषय में) | लेखा समूह (Account Group) विपणन समूह (Marketing Group) निगमीय समूह (Corporation Group) (कोई एक विषय) | व्यवसायिक अर्थशास्त्र (Business Economics) व्यवसायिक प्रबंधन (Principle of Business Management) | राष्ट्रभाषा हिन्दी (हिन्दी भाषा के लिए) अथवा अहिन्दी भाषा के लिए राष्ट्रभाषा अहिन्दी मैथिली/अंग्रेजी/उर्दू में से कोई एक । |

# Name of Faculty Members

## Arts faculty

| Sl. No. | Name of the Teacher | Designation | Subject | Mobile |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Dr. Shyam Yadav | Assistant Professor | Economics | 9508734150 |
| 02 | Dr. Nawal Kishor Singh | Assistant Professor | Economics | 9472423304 |
| 03 | Prof. Subodh Kumar Yadav | Assistant Professor | Economics | 8271204268 |
| 04 | Prof. Madan Kumar Yadav | Assistant Professor | Economics | 8877774414 |
| 05 | Dr. Bindeshwar Yadav | Assistant Professor | English | 9973694402 |
| 06 | Prof. Dinesh Kumar | Assistant Professor | English | 8217051774 |
| 07 | Prof. Ajay Kumar | Assistant Professor | Geography | 9472295878 |
| 08 | Prof. Ashok Kumar Ray | Assistant Professor | Geography | 7070613069 |
| 09 | Dr. Ram Babu Yadav | Assistant Professor | Hindi | 9430996359 |
| 10 | Dr. Ram Nandan Ray | Assistant Professor | Hindi | 9431403263 |
| 11 | Prof. Ramendra Kumar Ravi | Assistant Professor | Hindi | 8084183171 |
| 12 | Dr. Prithwi Chandra Yadav | Assistant Professor | Maithili | 9430640875 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | Dr. Satya Narayan Yadav | Assistant Professor | Maithili | 8298541488 |
| 14 | Prof. Ram Darash Rai | Assistant Professor | Maithili | 9135197203 |
| 15 | Prof. Santosh Kumar Jha | Assistant Professor | Maithili | 9534603944 |
| 16 | Dr. Ram Bilas Yadav | Assistant Professor | Sanskrit | 9431089637 |
| 17 | Prof. Dharmsheela Kumari | Assistant Professor | Sanskrit | 8651884912 |
| 18 | Dr. Ram Pavitra Roy | Assistant Professor | Sanskrit | 9955142921 |
| 19 | Dr. Ravindra Kumar | Assistant Professor | History | 9122734075 |
| 20 | Dr. Shiv Narayan Prasad | Assistant Professor | History | 8051357157 |
| 21 | Dr. Mahendra Narayan Singh | Assistant Professor | History | 7857911990 |
| 22 | Dr. Renu Kumari | Assistant Professor | Home Science | 9097953382 |
| 23 | Dr. Shanti Kumari | Assistant Professor | Home Science | 9304317161 |
| 24 | Dr. Krishna Kumari | Assistant Professor | Home Science | 9798267081 |
| 25 | Dr. Balram Pandit | Assistant Professor | Philosophy | 9570458252 |
| 26 | Dr. Suresh Chandra (Lien) | Assistant Professor | Philosophy | 8434704776 |
| 27 | Prof. Ramashish Yadav | Assistant Professor | Philosophy | 9709272362 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | Prof. Ishwar Chandra Yadav | Assistant Professor | Political Science | 9431857766 |
| 29 | Prof. Kameshwar Yadav | Assistant Professor | Psychology | 9471499888 |
| 30 | Prof. Shatrughan Yadav | Assistant Professor | Psychology | 9934655911 |
| 31 | Prof. Sunil Kumar Mishra | Assistant Professor | Psychology | 9430247733 |
| 32 | Dr. Bishnudeo Mochi | Assistant Professor | Psychology | 9973695027 |
| 33 | Prof. Ramesh Kumar Yadav | Assistant Professor | Psychology | 9431857472 |
| 34 | Dr. Ram Niranjan Yadav | Assistant Professor | Sociology | 8294700640 |
| 35 | Prof. Lambodar Yadav | Assistant Professor | Sociology | 9470408037 |
| 36 | Prof. Dharmdeo Prasad Yadav | Assistant Professor | Sociology | 8676949614 |
| 37 | Prof. Babu Sahab | Assistant Professor | Sociology | 8294183810 |
| 38 | Prof. Md. Naushad Akhter | Assistant Professor | Urdu | 9771197215 |

**Science faculty**

| Sl. No. | Name of the Teacher | Designation | Subject | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 39 | Dr. Jay Kumar Yadav | Assistant Professor | Zoology | 8051966690 |
| 40 | Prof. Mahesh Prasad Yadav (Lien) | Assistant Professor | Zoology | 8002123925 |
| 41 | Prof. Mahamaya Prasad Yadav | Assistant Professor | Physics | 9608119115 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 42 | Prof. Rakesh Raushan | Assistant Professor | Physics | 8986040496 |
| 43 | Dr. Adarsha Kumar | Assistant Professor | Physics | 9431627512 |
| 44 | Prof. Rabi Bhushan Chatruvedi | Assistant Professor | Botany | 9431253277 |
| 45 | Prof. Hare Krishna Gupta | Assistant Professor | Botany | 9631544204 |
| 46 | Dr. Shatrughan Prasad Yadav | Assistant Professor | Chemistry | 9430469144 |
| 47 | Dr. Jai Prakash Singh | Assistant Professor | Mathematics | 7766931908 |
| 48 | Dr. Hare Krishna Yadav (Lien) | Assistant Professor | Mathematics | 7256805481 |
| 49 | Dr. Dayanath | Assistant Professor | Mathematics | 9430237453 |
| 50 | Prof. Ram Chandra Yadav | Assistant Professor | Mathematics | 7091522782 |
| 51 | Prof. Jay Shankar Yadav | Assistant Professor | Mathematics | 7488831030 |
| 52 | Prof. Shiya Sharan Yadav | Assistant Professor | Mathematics | 8541024389 |

## Commerce faculty

| Sl. No. | Name of the Teacher | Designation | Subject | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 53 | Dr. Shiv Narayan Yadav | In-charge Principal | Commerce | 9608416721 |
| 54 | Prof. Jiwat Ram Yadav | Assistant Professor | Commerce | 7766859862 |
| 55 | Prof. Ram Babu Ray | Assistant Professor | Commerce | 8986032854 |
| 56 | Dr. Kamlesh Kumar Yadav | Assistant Professor | Commerce | 9973733181 |
| 57 | Prof. Pawan Kumar Bhagat | Assistant Professor | Commerce | 9852312939 |
| 58 | Prof. Dev Narayan Yadav | Assistant Professor | Commerce | 9852301920 |

## महाविद्यालय में कार्यरत तृतीय वर्गीय कर्मचारी

| Sl. No. | Name | Designation | Mobile No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Sri Vishal Vivek | Head Clerk | 8540004893 |
| 2 | Shri Hukumdeo Prasad Yadav | Lab Incharge-Chemistry | 9709396844 |
| 3 | Smt. Yamuna Kumari | Lab Incharge-Home Science | 9430043667 |
| 4 | Sri Arun Kumar Yadav | Lab Incharge-Geography | 8084824798 |
| 5 | Sri Ram Pukar Yadav | Correspondence Clerk | 8804464957 |
| 6 | Sri Bindeshwar Yadav | Typist | 8507803307 |
| 7 | Sri Birendra Prasad | Lab Incharge-Chemistry | 9934945352 |
| 8 | Sri Rakesh Kumar | Clerk | 9006617761 |
| 9 | Sri Ajit Kumar | Typist Cum Computer Operator | 8083708926 |
| 10 | Sri Rakesh Roushan Roy | Lab Incharge-Physics | 9835906520 |

## चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी

| Sl. No. | Name | Designation | Mobile No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Sri Ram Chandra Yadav | Peon | 9631723559 |
| 2 | Sri Amarjeet Singh | Peon | 9576228080 |
| 3 | Sri Raj Kumar Yadav | Peon | 9006125823 |
| 4 | Sri Kamlesh Kumar | Peon | 9905285702 |
| 5 | Sri Shesh Narayan Roy | Peon (Night Guard) | 754915645 |
| 6 | Sri Upendra Narayan Sharma | Peon | 9570801829 |
| 7 | Sri Kamaldeo Yadav | Lab Boy-Zoology | 8789149383 |
| 8 | Sri Vijay Kumar Yadav | Lab Boy-Psychology | 9852854950 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | Smt. Manju Kumari | Lab Boy-Home Science | 9798020866 |
| 10 | Shri Ravi Chandra Yadav | Lab Boy-Psychology | 8406006027 |
| 11 | Sri Satya Narayan Yadav | Lab Boy-Physics | 9525407029 |
| 12 | Sri Sanjay Kumar Suman | Lab Boy-Physics | 8521293819 |
| 13 | Sri Lal Mani Lalan | Lab Boy-Chemistry | 9955787986 |
| 14 | Sri Hukumdeo Nr. Roy | Lab Boy-Botany | 8651955445 |
| 15 | Sri Lalit Kumar Ram | Peon | 9006592114 |
| 16 | Sri Brajkishore Yadav | Peon | 9155525190 |
| 17 | Sri Bharat Yadav | Peon | 9798201867 |
| 18 | Sri Aklu Yadav | Peon | 9835156030 |
| 19 | Sri Rajgir Yadav | Peon | 7563872025 |
| 20 | Sri Muni Lal Mandal | Peon | 9576321553 |
| 21 | Sri Ramautar Sahni | Lab Boy-Botany | 8804116070 |
| 22 | Smt. Ram Kumari Devi | Peon | 7488026988 |
| 23 | Sri Ashok Kumar Yadav | Lab Boy-Physics | 7004258740 |
| 24 | Sri Ganesh Yadav | Lab Boy-Geography | 7667258047 |
| 25 | Sri Dileep Das | Peon | 9709242293 |

## महाविद्यालय विकास के लिए गठित विभिन्न समितियाँ एवं उनके सदस्यों के नाम

### विकास सह निर्माण समिति

1. डॉ0 जय प्रकाश सिंह, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग (वर्सर) – संयोजक
2. डॉ0 बिन्देश्वर यादव, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग (शिक्षक प्रतिनिधि) – सदस्य
3. डॉ0 रविन्द्र कुमार पासवान, विभागाध्यक्ष, इतिहास – सदस्य
4. डॉ0 श्याम यादव, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग – सदस्य
5. श्री विशाल विवेक – प्रधान लिपिक – सदस्य
6. श्री रामचन्द्र यादव – च0 व0 कर्मचारी – सदस्य

## नामांकन समिति

1. डॉ0 पृथ्वी चन्द्र यादव
2. प्रो0 रविभूषण चतुर्वेदी
3. डॉ0 कमलेश कुमार यादव
4. राम बाबू यादव 'आर्य'
5. डॉ. विष्णुदेव मोची

## परीक्षा संचालन समिति

1. डॉ0 शिव नारायण प्रसाद – परीक्षा नियंत्रक
2. डॉ0 पृथ्वीचन्द्र यादव
3. डॉ0 शांति कुमारी
4. प्रो. रमेन्द्र कुमार रवि

## छात्र अनुशासन समिति एवं एन्टी रेगिंग सेल

1. डॉ0 रामबाबू आर्य 2. प्रो0 रविभूषण चतुर्वेदी 3. प्रो० जीवत राम यादव
4. प्रो0 (श्रीमति) कृष्णा कुमारी 5. डॉ0 शत्रुघ्न यादव
6. प्रो0 नौशाद अख्तर 7. प्रो0 सुनील कुमार मिश्रा

## शोध कोषांग

1. डॉ0 श्याम यादव 2. डॉ0 राम बाबू यादव 'आर्य'
3. डॉ0 विन्देश्वर यादव 4. डॉ0 शत्रुघ्न प्रसाद यादव
5. डॉ0 कामेश्वर यादव 6. प्रो0 इश्वर चन्द्र यादव
7. डॉ0 राम पवित्र राय 8. डॉ0 कमलेश यादव
9. डॉ0 राम निरंजन यादव 10. डॉ0 राम नन्दन राय
11. डॉ0 सत्य नारायण यादव 12. प्रो0 संतोष कुमार झा

## क्रय समिति

1. डॉ0 जय प्रकाश सिंह – वर्सर 2. डॉ0 बिन्देश्वर यादव – शिक्षक प्रतिनिधि
3. डॉ0 श्याम यादव – अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग

## वर्ग समय सारिणी

1. डॉ0 जय प्रकाश सिंह 2. प्रो0 जीवत राम यादव 3. डॉ0 राम पवित्र राय
4. प्रो0 रमेन्द्र कुमार रवि 5. प्रो0 शत्रुघ्न यादव

## एन०एस०एस० परामर्शदाता समिति

1. डॉ0 बिन्देश्वर यादव 2. डॉ0 श्याम यादव

## परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण

1. डॉ0 पृथ्वी चन्द्र यादव 2. डॉ0 जय प्रकाश सिंह
3. डॉ0 शिव नारायण प्रसाद

## प्रेस/ मिडिया

1. प्रो0 रविभूशण चतुर्वेदी 2. डॉ0 रामबाबू यादव 'आर्य'
3. डॉ0 श्याम यादव

## शिकायत निवारण कोषांग

1. डॉ0 दयानाथ
2. प्रो0 राकेश रौशन
3. प्रो0 जीवतराम यादव
4. डॉ0 रविन्द्र कुमार पासवान
5. प्रो0 इश्वर चन्द्र यादव
6. प्रो0 कामेश्वर यादव

## छात्र कल्याण समिति

1. डॉ0 राम पवित्र राय
2. प्रो0 महामाया प्रसाद यादव
3. डॉ0 शत्रुघ्न प्रसाद यादव
4. डॉ0 कमलेश कुमार यादव
5. प्रो0 आदर्श कुमार

## पुस्तकालय समिति

1. डॉ0 रामबाबू यादव 'आर्य'
2. डॉ0 राम पवित्र राय
3. डॉ0 महेन्द्र नारायण सिंह
4. डॉ0 नवल किशोर सिंह
5. प्रो0 धर्मदेव प्रसाद यादव

## नालंदा खुला विश्वविद्यालय

1. डॉ0 महेन्द्र नारायण सिंह
2. डॉ0 श्याम यादव

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के लिए एक समिति

1. प्रधानाचार्य
2. नोडल पदाधिकारी
3. शिक्षक प्रतिनिधि
4. वर्सर
5. सभी विभाग के विभागाध्यक्ष

# भूमि दाता

## लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय

**दरभंगा**




## स्व. जनक लाल यादव

(1919-1978)

वास्तविक शिक्षा वही है, जो व्यक्तित्व के सर्वांगीण
विकास में सहायक होती है।



प्रो. (डॉ.) मुनेश्वर यादव
विश्वविद्यालय प्रतिनिधि



डॉ. विन्देश्वर यादव
शिक्षक प्रतिनिधि



डॉ. जय प्रकाश सिंह
वर्सर

